**27-10-2020**

## भ्रष्टाचार-निरोधी कार्यसमूह

**प्रश्न :- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भ्रष्टाचार-निरोधी कार्यसमूह का गठन वर्ष 2010 में टोरंटो शिखर सम्मेलन के दौरान G- 20 के नेताओं द्वारा किया गया था।
2. G- 20 विश्व की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है।
3. G- 20 शिखर सम्मेलन को औपचारिक रूप से 'वित्तीय बाजार तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था शिखर सम्मेलन' के रूप में जाना जाता है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं :**

(A) केवल 01 (B) केवल 02

(C) केवल 030 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (C) उपरोक्त सभी**

**भूमिका :-** सऊदी अरब की अध्यक्षता में पहली बार G- 20 भ्रष्टाचार-निरोधी कार्यसमूह (ACWG) की मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

❖ भ्रष्टाचार-निरोगी कार्यसमूह (ACWG) का गठन वर्ष 2010 में टोरंटो शिखर सम्मेलन के दौरान G- 20 भ्रष्टाचार-निरोगी कार्य योजनाओं को अपडेट करने और कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार है। यह G- 20 नेताओं के प्रति उत्तरदायी हैं।

❖ ACWG, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन, संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और वित्तीय कारवाई कार्य बल सहित प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के कार्यो के साथ समन्वय एवं सहयोग करता हैं।

❖ G- 20 विश्व की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है। इस समूह का विश्व की 85 प्रतिशत जीडीपी पर नियंत्रण है, तथा यह विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है।

❖ G- 20 शिखर सम्मेलन को औपचारिक रूप से 'वित्तीय बाजार तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था शिखर सम्मेलन' के रूप में जाना जाता है।

❖ वर्ष 1997-98 के एशियाई वित्तीय संकट के बाद, यह स्वीकार किया गया था कि उभरती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली पर चर्चा के लिए भागीदारी आवश्यक है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- G-20 के पूर्ण सदस्य अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनोशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण-कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र और राष्ट्रीय संग्रहालय

**प्रश्न :-** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA) भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत स्थापित एक स्वायत्त संगठन है।
2. 14 नवंबर, 1985 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की स्मृति में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वार की गई थी।
3. IGNCA की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य कला के प्रमुख संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करना, कला, मानविकी और संस्कृति से संबंधित अनुसंधान का संचालन करना तथा कला एवं दर्शन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी के समकालीन विचारों के बीच संवाद स्थापित करना था।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं :

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) केवल 030 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (C) उपरोक्त सभी**

**भूमिका :-** केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना' के तहत नई दिल्ली स्थित 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र' और 'राष्ट्रीय संग्रहालय' को दूसरे स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA) भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत स्थापित एक स्वायत्त संगठन हैं।
- IGNCA की शुरूआत 14 नबंबर, 1985 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की स्मृति में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा की गई थी।
- 24 मार्च 1987 को नई दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र का गठन और पंजीकरण किया था।
- IGNCA की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य कला के प्रमुख संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करना, कला, मानविकी और संस्कृति से संबंधित अनुसंधान का संचालन करना तथा कला एंव दर्शन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी के समकालीन विचारों के बीच संवाद स्थापित करना था।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन 15 अगस्त, 1949 को भारत के तत्कालीन गर्वनर-जनरल आर.सी राजगोपालाचारी द्वारा राष्ट्रपति भवन में किया गया था। राष्ट्रीय संग्रहालय के वर्तमान भवन की नीव भारतीय प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा 12 मई, 1955 को रखी गई थी।
- 18 दिसंबर, 1960 को भारत के उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा राष्ट्रीय संग्रहालय भवन के पहले चरण का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इसकी स्थापना का उद्देश्य प्रदर्शन, संरक्षण और शोध के लिये ऐतिहासिक सांस्कृतिक तथा कलात्मक महत्व की कला वस्तुओं के बारे में ज्ञान का प्रसार एवं राष्ट्रीय पहचान के प्रतीक के रूप में अपनी सेवा प्रदान करना है।
- वर्तमान में राष्ट्रीय संग्रहालय का संचालन भारत सरकार के केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

## हिमालयी भूरा भालू

**प्रश्न :-** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. हिमालयी भूरा भालु (पश्चिमी) हिमालय के ऊंचे इलाकों में सबसे बड़े मांसाहारी जानवरों में से एक है।
2. वैज्ञानिकों के मुताबिक उच्च हिमालय क्षेत्रों में सर्दियों में भालू के हमले बढ़े है। इनमें बद्रीनाथ, उत्तराकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग आदि है। इनका व्यवहार भी आक्रामक दिखा हैं।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं :**

(A) केवल 01 (B) केवल 02

(C) 01 और 02 (D) कोई नहीं

**उत्तर :- (C) 01 और 02**

**भूमिका :-** जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों द्वारा पश्चिमी हिमालय के किए गए एक हालिया अध्ययन में हिमालयी भूरा भालू के पर्यावास में वर्ष 2050 तक लगभग 73 प्रतिशत की भारी गिरावट की आशंका जाहिर की गयी है।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

- पर्यावास नुकसान का खामियाज़ा 13 संरक्षित क्षेत्रों को भी भुगतान करना पड़ेगा और उनमें से आठ संरक्षित क्षेत्र वर्ष 2025 तक पूरी तरह से निवास योग्य नहीं रहेगा।
- सिमुलेशन परिदृश्य के सुरक्षित क्षेत्रों के भीतर प्रजातियों के शेष बस्तियों में एक महत्वपूर्ण गुणात्मक गिरावट का सुझाव देता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- प्रजातियों की दीर्घकालिक व्यवहार्यता के लिए हिमालय क्षेत्र में संरक्षित क्षेत्रों की "निवारक स्थानिक योजना" को अपनाने की आवश्यकता है।
- हिमालय भूरा भालू (पश्चिमी) हिमालय के ऊंचे इलाकों में सबसे बड़े मांसाहारी जानवरों में से एक है।
- अध्ययन में यह भी कहा गया है, कि जलवायु परिवर्तन और कम बर्फबारी के बीच भोजन की कम उपलब्धता से हिमालयी क्षेत्र के भालुओं की नींद कम हो गयी है।
- वैज्ञानिकों के मुताबिक उच्च हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों में भालु के हमले बढ़े हैं। इनमें बद्रीनाथ, उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रपयाग आदि है। इसका व्यवहार भी आक्रामक दिखा है।
- हिमालयी ब्राउन भालू दो केन्द्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख तथा दो भारतीय हिलालयी राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अल्पाइन, स्क्रब और उप-अल्पाइन जंगलों में प्राप्त होते है।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS